दिन– सोमवार दिनांक– 02/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने पीएम आवास योजना शहरी के तहत एक लाख अतिरिक्त आवास बनाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा।

02 नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में शूटिंग रेंज निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिली।

03. मौसम विभाग ने कहा – प्रदेश में तय समय से ही प्रवेश करेगा मानसून। जून महीने में सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान।

04. और, आईपीएल क्रिकेट का फाइनल मुकाबला कल पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

---

प्रदेश के शहरी निकायों में गरीबों के लिए एक लाख अतिरिक्त पीएम आवास बनाए जायेंगे। राज्य सरकार ने आवास सर्वे में आवेदनों की संख्या बढ़ने के बाद इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। केंद्र सरकार से मंजूरी के बाद राज्य में अगले पांच साल में छह लाख शहरी गरीबों को आवास उपलब्ध हो जायेंगे। नगर विकास और आवास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी प्रदेश में पांच साल में पांच लाख शहरी गरीबों को आवास देने का लक्ष्य है। इनमें से अबतक दो लाख पक्के आवास को स्वीकृति मिल चुकी है।

---

राज्य सरकार ने नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में खाली पड़ी जमीन पर पच्चीस मीटर और पचास मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इसके निर्माण पर चौबीस करोड़ इक्कीस लाख सत्तानवे हजार रूपये की राशि खर्च होगी। श्री चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने से अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह रेंज पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत का पहला बड़ा और आधुनिक सुविधायुक्त शूटिंग रेंज होगा।

———————————————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन की शुरूआत की है। विभागीय मंत्री संजय सरावगी ने पटना के दानापुर में पहला विभागीय कॉल सेंटर का शुभारंभ किया। लोग अब टोल फ्री नंबर **एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह दो एक पांच** पर कॉल करके जमाबंदी, दाखिल–खारिज और अन्य राजस्व संबंधी मामलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा आम लोगों के लिए तीन जून से शुरू होगी। इस अवसर पर श्री सरावगी ने कहा कि यह कॉल सेंटर सरकार के डिजिटल मिशन को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

———बाइट———

———————————————————————————————————

राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार धनंजय कुमार उर्फ मृणाल पासवान को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

———————————————————————————————————

बिहार पुलिस मुख्यालय ने युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने ठगी से बचने के लिए दिशा–निर्देश जारी किये हैं। एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने बताया कि भारतीय दूतावासों से मिली जानकारी के अनुसार दलालों और फर्जी वेबसाइटों के चंगुल में फंसकर कई लोग पासपोर्ट बनवाने के बाद म्यामार, कम्बोडिया और लाओस जैसे देशों में बंधुआ मजदूर बना लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक विदेश मंत्रालय की ओर से पंजीकृत एजेंसियों की सूची की जांच किए बिना किसी अन्य पर भरोसा नहीं करें। एडीजी ने लोगों से पासपोर्ट और वीजा आवेदन के लिए सिर्फ सरकारी पोर्टलों का ही इस्तेमाल करने की अपील की है।

———————————————————————————————————

फिलीपिंस की राजधानी मनीला में आज से तीन दिवसीय एशिया क्लीन एनर्जी समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिहार में बिजली के क्षेत्र में हुई प्रगति की चर्चा की जाएगी। इस आयोजन में बिहार को बिजली के क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी देने के लिए बिहार के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार शामिल होंगे। समिट में भारत की चौदह वितरण कंपनियों को आमंत्रित किया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश के उन्नीस जिलों में अपराध में शामिल आरोपित किशोरों के लिए पर्यवेक्षण गृह का निर्माण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से इन भवनों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इनमें मुख्य रूप से खगड़िया, रोहतास, जमुई, नालंदा, नवादा, जहानाबाद, सारण और मुंगेर सहित कई जिले शामिल हैं। शेष जिलों में पर्यवेक्षण गृह पहले से ही कार्यरत हैं।

———————————————————————————

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पटना में जल्द ही रविदास समाज के लोगों का एक सम्मेलन होगा। पटना स्थित भाजपा कार्यालय में समाजिक संपर्क अभियान के दौरान रविदास समाज की एक बैठक में उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के तहत सभी जिलों में संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे।

———————————————————————————

तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दामों में छब्बीस रूपए की कमी की है। इसके बाद पटना में वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत अब एक हजार नौ सौ अट्ठासी रूपए और पचास पैसे होगी। अभी तक इनकी कीमत दो हजार चौदह रूपए पचास पैसे प्रति सिलेंडर थी। वहीं, विमान ईंधन की कीमतों में भी तीन प्रतिशत की कटौती की गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा पांच और छह के बच्चों के लिए आज से समर कैंप लगाए जायेंगे। एक लाख टोलों में लगाए जाने वाले इन समर कैंप में बच्चों को गणित विषय से संबंधित जानकारी दी जाएगी। स्कूलों में छुट्टी के दौरान एक कैंप में दस से पंद्रह विद्यार्थी शामिल होंगे। समर कैंप बीस जून तक चलेगा।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के नौ जिलों– शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिलों में वज्रपात और तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी–मध्य भागों के साथ उत्तर–पश्चिम भाग में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि देर रात अररिया, मधुबनी समेत आस–पास के स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई है। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि बिहार में मानसून के अपने निर्धारित समय तेरह से पंद्रह जून के बीच ही प्रवेश करने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया है कि पहुआ हवा के प्रभाव से राज्य में मानसूनी हवा अवरूद्ध हुई है। श्री कुमार ने बताया कि राज्य में जून महीने में सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण अररिया जिले में परमान नदी सहित बकरा, बरजान और लोहांद्रा नदी के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के कुर्साकांटा प्रखंड से होकर बहनेवाली बकरा नदी के तीरा घाट पर अचानक उफान से चचरी पुल ध्वस्त हो गया है। इससे आवागमन प्रभावित हो गया है। स्थानीय अंचलाधिकारी ने कहा कि जिले में फिलहाल बाढ़ के हालात नहीं हैं। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए, संसद सदस्यों का सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में शिष्टमंडल लंदन पहुंच गया है। श्री प्रसाद ने कहा कि हम आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

–––बाइट–––

लंदन पहुंच गए हैं, तीन देशों की हमारी यात्रा अच्छी रही। फ्रांस, इटली और फिर डेनमार्क की। आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष हम प्रभावी रूप से यहां भी रखेंगे और जैसा हमने बाकी जगह वहां के लोगों का समर्थन मिला है। वही समर्थन इंग्लैंड में भी मिलेगा। हमें पूरा विश्वास है।

इधर, जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया की सफल यात्रा के बाद मलेशिया के कुआलालम्पुर पहुंच गया है।

—————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के शौर्य की स्मृति में, आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला का प्रसारण कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर चक्र से सम्मानित कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने उन्नीस सौ सैंतालीस–अड़तालीस के भारत–पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

—————————————————————————

कृषि विज्ञान केंद्र शेखपुरा द्वारा जिले के चेवाड़ा और अरियरी प्रखंड के गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को कृषि के आधुनिक तरीकों की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।

—————————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के महथावा फुटानी चौक के पास से पुलिस ने दो पिकअप वाहन से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे दो दर्जन से अधिक पशुओं को बरामद किया है।

—————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट का फाइनल मुकाबला पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। तीन जून को आयोजित होने वाला यह मैच अहमदाबाद में होगा। इससे पहले कल आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

—————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सिक्किम–बंगाल के उत्तरी इलाकों में अटका मानसून। बिहार में मानसून की दस्तक को पछुआ के प्रवाह ने रोका।

दैनिक भास्कर ने लोजपा, आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– राजनीतिक गलियारे में चर्चा, चिराग चुनाव लड़ेंगे।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है – रामसर साइट में शामिल हो सकते हैं, उदयपुर, गोकुल और गोगाबील जलाशय।

प्रभात खबर ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है – डांटने का मतलब किसी को आत्म हत्या के लिए उकसना नहीं।

आज अखबार का शीर्षक है– देश में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मामले।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने पीएम आवास योजना शहरी के तहत एक लाख अतिरिक्त आवास बनाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा।

02 नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में शूटिंग रेंज निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिली।

03. मौसम विभाग ने कहा – प्रदेश में तय समय से ही प्रवेश करेगा मानसून। जून महीने में सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान।

04. और, आईपीएल क्रिकेट का फाइनल मुकाबला कल पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।